बाल भारती पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा, दिल्ली - ११००३४

कक्षा- पाँचवीं **विषय -हिंदी** **प्रथम सत्र (२०२०-२०२१)**

विषय -कविता **उपविषय - समय मूल्यवान है**

नाम:----------------------------- **कक्षा / भाग :-------** **तिथि :०७.०५.२०२०**

कविता : " समय मूल्यवान है " (केवल पठन एवं वाचन)

कवि: डॉ. हरिकृष्ण देवसरे

उद्देश्य :यह कविता जीवन में सफलता के लिए समय के महत्त्व को प्रदर्शित करती है तथा व्यक्ति को हर काम समय पर करने के लिए प्रेरित करती है|

भाव:-

- बीता समय कभी वापस नहीं आता है| इसे खोने वाला व्यक्ति रोने के अलावा कुछ नहीं कर पाता|
- धन-श्रम से , स्वास्थ्य-उपचार से, विद्या-पढ़ने से वापस आ सकती है किंतु समय बीत जाने पर कभी वापस नहीं आता |
- महात्मा गांधी का प्रेरणादायी जीवन हमें बहुत कुछ सिखाता है और उन्ही में से एक महत्त्वपूर्ण बात जो हम सीख सकते हैं , वह है - समय प्रबंधन |गांधी जी समय के महत्त्व को समझते हुए घड़ी को सदा अपने पास रखते थे |

शिक्षा :- हमें भी समय के महत्त्व को समझना चाहिए और समय बरबाद नहीं करना चाहिए ।

अब आपकी बारी:-

* कविता को ऊँचे स्वर में बोलते हुए याद करिए|

* समय के महत्त्व से संबंधित कोई दो दोहे याद करें|